जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan

वर्ष- 60 अंक-19 जयपुर, सोमवार, 20 मई, 2024 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## अब हृदयरोग से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा निःशुल्क शल्य चिकित्सा का लाभ



**जयपुर (हमारा वतन)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा गुजरात के श्री सत्यसाई हृदय हॉस्पिटल, अहमदाबाद एवं राजकोट, गुजरात (प्रशान्ति मेडिकल सर्विसेज एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन) के बीच गुरुवार को एमओयू का नवीनीकरण किया गया। इस एमओयू के माध्यम से प्रदेश में आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के तहत् हृदय रोग से पीड़ित 3 माह से 18 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को निःशुल्क हर्ट सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी। श्री सत्यसाई हृदय हॉस्पिटल द्वारा वर्ष 2022-23 में 289 एवं वर्ष 2023-24 में 177 हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्मिकों की मोबाइल टीमों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों, मदरसों, राजकीय स्कूलों में प्रत्येक बच्चे की हैल्थ स्क्रीनिंग की जाती है एवं जन्मजात दुलर्भ रोगों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें उच्च चिकित्सालयों में सम्पूर्ण उपचार निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। इसी क्रम में प्रदेश में हैल्थ स्क्रीनिंग में हृदय रोग से पीड़ित 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को गुजरात के श्री सत्यसाई हृदय हॉस्पिटल में भी निःशुल्क हर्ट सर्जरी की सुविधा मिलेगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि हर्ट सर्जरी के लिए 3 माह से 6 वर्ष तक की उम्र के रोगी बच्चे के साथ 2 परिजन तथा 6 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे के साथ 1 परिजन को सरकार द्वारा उनके घर से गुजरात तक एवं पुनः लौटने तक की परिवहन सुविधा तथा अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवायी जाती हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने एवं श्री सत्य साई हर्ट हॉस्पिटल की ओर से श्री सत्यसाई ट्रस्ट राजस्थान के सदस्य नीरज बत्रा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर एडवोकेट अभिषेक सिंह, सदस्य प्रेस क्लब, संयुक्त निदेशक चिकित्सा प्रशासन डॉ. आर. एन. मीणा एवं परियोजना निदेशक आरबीएसके डॉ. मुकेश डियवाल सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



## गुरुकुलम ग्लोबल एकेडमी में कराटे चैंपियंस का किया सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के मोरीजा रोड बाई पास स्थित गुरुकुलम ग्लोबल एकेडमी के स्टूडेंट्स ने महाराणा प्रताप इंडो नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है । जिसको लेकर विशाल कार रैली और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक लोकेश कुमार सैनी ने बताया कि जयपुर में 11-12 मई 2024 को महाराणा प्रताप इंडो नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय के स्टूडेंट्स मीनू सैनी ने सुपर गोल्ड मेडल, खुशी चौधरी ने सुपर गोल्ड मेडल, हसल सैनी ने गोल्ड मेडल, हिमांशी सैनी ने गोल्ड मेडल, अंकित सैनी ने सिल्वर मेडल, प्रेम प्रकाश सैनी ने सिल्वर मेडल, कार्तिक सैनी ने सिल्वर मेडल, गर्वित सैनी ने सिल्वर मेडल एवं आयुष चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र प्रकाश मिश्रा वाइस प्रिंसिपल श्री बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज जयपुर, सोहनलाल जाट प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाना, ग्राम पंचायत मोरीजा के पूर्व सरपंच कल्याण सहाय माली एवं श्याम लाल सैनी रहे। मंच संचालन डॉक्टर अंबुज कुमार शर्मा के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मेडल प्राप्त विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक महेंद्र कुमार सैनी ने भी अपना योगदान दिया। इस अवसर पर राहुल सैनी, कन्हैयालाल सैनी, रोशन सैनी, कराटे कोच पवन सैनी, कोच विनोद कुमार सैनी, कोच शशांक कुमावत, मनीष सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आईजी अशोक कुमार गुप्ता ने किया अनमोल जीवन शॉर्ट फिल्म के पोस्टर का विमोचन




**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित अनमोल जीवन शॉर्ट फिल्म के पोस्टर का विमोचन आज पुलिस हेडक्वार्टर जयपुर आईजी अशोक कुमार गुप्ता ने अपने कर कमलों से किया । आईजी अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि युवाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, इसकी रोकथाम के लिए शॉर्ट फिल्म अनमोल जीवन महती भूमिका निभाएगी। शॉर्ट फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि निराशा और गुस्से के भाव के कारण आज का युवा आत्महत्या कर लेता है, जो सरासर गलत है । युवाओं को धैर्य से काम लेना चाहिए व समस्याओं का डटकर सामना करना चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन है । हमारी फिल्म में आत्महत्या नहीं करने का संदेश समाज को दिया गया है । जल्द ही इंडिया यूट्यूब चैनल पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के दौरान कलाकार अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, मोहन सैनी, संदीप शर्मा, राजेश सेन, जितेंद्र सैनी आदि लोग मौजूद रहे ।

## उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित होंगे शिक्षक विजय बहादुर यादव

**बरेली (हमारा वतन)।** समाजसेवी संस्था पारस एजुकेशनल सोसायटी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बरेली में आयोजित कार्यक्रम में 26 मई को जौनपुर के एक शिक्षक विजय बहादुर यादव (विजय मेहंदी) को उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान देने हेतु दिया जाएगा।



कवि-हृदय शिक्षक विजय मेहंदी अपने क्षेत्र में छात्रों के हित के लिए विशेष रूप से प्रयासरत रहते हैं। गौरतलब है कि विजय मेहंदी वर्तमान में प्रा. वि. मंगरी, विकास खण्ड बरसठी, जनपद जौनपुर में सेवारत हैं। उपरोक्त सम्मान कार्यक्रम में 111 शिक्षक, साहित्यकार एवं खिलाड़ी सम्मानित होंगे। यह कार्यक्रम 26 मई को बरेली के अर्बन कोऑपरेटिव बैंक सभागार में आयोजित किया जाना सुनिश्चित है।

## हमारी मैरिज की गोल्डन जुबली फिल्म का हुआ भव्य प्रदर्शन





**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर स्थित मीरा हॉस्पिटल के डायरेक्टर, नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक एवं प्रेरक आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया की फिल्म हमारी मैरिज की गोल्डन जुबली का भव्य प्रदर्शन किया गया। फिल्म का पहला प्रदर्शन जयपुर के शास्त्री नगर, साइंस पार्क स्थित ऑडिटोरियम में दोपहर 3 बजे से किया गया। पाटोदिया दंपति की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर इस फिल्म का प्रदर्शन किया गया । जितने भी दर्शक इस फिल्म को देखने आए उन्होंने कहा कि यह फिल्म नहीं एक दस्तावेज है और आज के युवाओं को इस फिल्म को जरुर देखना चाहिए, जिससे उनके दांपत्य जीवन में कोई परेशानी नहीं हो। आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने बताया कि पिछली बार हमने अमर प्रेम की अमर कहानी नाम की फिल्म का प्रदर्शन किया था, अबकी बार हमारी 50 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर इस फिल्म का प्रदर्शन किया गया जो आज के युवा दंपतियों को सुखी जीवन जीने का एक नया संदेश देगी। डॉक्टर मीरा पाटोदिया जी आज हमारे बीच में भौतिक रूप से उपस्थित नहीं है, लेकिन आत्मिक रूप से हमेशा हमारे साथ रहेंगी। लोग अपनी मैरिज एनिवर्सरी पर या तो पर्यटन के लिए देश-विदेश चले जाते हैं या कुछ लोग विशाल भोज का आयोजन करके एंजॉय करते हैं, लेकिन वही दंपति अपने विवाह के फोटोग्राफ का एल्बम खोलकर देखने का कष्ट भी नहीं करते हैं । बीता हुआ पल जिंदगी की भाग दौड़ में कहीं खो जाता है, इसलिए मैंने कुछ अलग करने का सोचा और लोग इसको सराह रहे हैं । सभी आगंतुकों को उत्तराखंड से मंगाया हुआ मीठा शहद, गणेश जी की आरती भी उपहार स्वरूप भेंट की गयी। साथ ही डॉक्टर मीरा पाटोदिया की लाइब्रेरी में संग्रहित किताबों की प्रदर्शनी भी लगाई गई और पुस्तक प्रेमियों को निःशुल्क रूप से प्रदान की गई । इस दौरान डॉक्टर अमित पाटोदिया, डॉक्टर अंशु पाटोदिया, डॉक्टर भारत पाटोदिया, मुरलीधर पाटोदिया, सुकुमार पाटोदिया, कैलाश चन्द्र पालीवाल रिटायर्ड जनरल मैनेजर यूको बैंक कोलकाता, कथक गुरु बृज किशोर श्रीवास्तव, नृत्यांशी कला समिति के डायरेक्टर, गायन के संगीत निर्देशक राम शर्मा प्राचार्य, जयपुर संगीत महाविद्यालय, वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री, अभिनेता क्षितिज कुमार,उग्रसेन तंवर सहित कई लोग मौजूद रहे ।



# जेसीआई बेंगलुरु कॉस्मो ने आयोजित किया बी बाउल-डी कार्यक्रम

**बेंगलुरु (हमारा वतन)।** जेसीआई बेंगलुरु कॉस्मो ने गो बाउल, गोपालन आर्केड मॉल में अपने सदस्यों के लिए एक मजेदार बॉलिंग कार्यक्रम बी बाउल-डी का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य सदस्यों को एक साथ लाना और अच्छी बॉन्डिंग साझा करना था। इसमें 67 सदस्यों ने भाग लिया और इसके अलावा उन्होंने केक काटने की रस्म के साथ वहां मौजूद सभी माताओं और सदस्यों के साथ मदर्स डे भी मनाया, यह शाम का एक विशेष क्षण था। इस कार्यक्रम में कॉस्मो के अध्यक्ष जेसी भरत हंसराज, कोषाध्यक्ष जेसी जयेश जैन उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में मदद करने वाली प्रोजेक्ट टीम रही। वीपी जीएंडडी निखिल बाफना, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जेसी मोहित जैन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी नकुल डागा। गेंदबाजी, मेलजोल और केक के साथ मदर्स डे मनाने का संयोजन हर किसी के समग्र अनुभव में एक यादगार पहलू जोड़ता है।

# अब नहीं कर पाएंगे पुलिस वर्दी में सोशल मीडिया पर वीडियो, रील या स्टोरी अपलोड

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वर्दी में गैर पुलिसिंग मुद्दों पर वीडियो, रील या स्टोरी आदि अपलोड करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में राजस्थान पुलिस के मुखिया यू आर साहू द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) साहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी में स्वयं के वीडियो, रील और स्टोरी जिनका पुलिस कार्य से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं होता है, उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट या अपलोड करना पुलिस नियमों के खिलाफ है। इससे विभाग की गरिमा और छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साहू ने राज्य के सभी एसपी, कमांडेंट एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि भविष्य में किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस कार्य से संबंधित कार्य के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के वीडियो, रील, स्टोरी तैयार कर पोस्ट व अपलोड नहीं की जाए। नियंत्रक अधिकारी इस प्रकार की पोस्ट करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। डीजीपी ने पुलिस कर्मियों से आह्वान किया है कि पुलिस वर्दी हमारी प्रतिबद्धता, समर्पण और जनता के प्रति हमारी जवाबदेही का प्रतीक है। इसका उपयोग करते समय हमें अत्यधिक सावधानी और गंभीरता बरतनी चाहिए। वर्दी में अनुचित सामग्री का प्रसारण न केवल अनुशासनहीनता का प्रतीक है, बल्कि यह जनता के बीच विश्वास को भी कमजोर करता है।





# अमित सैनी का हुआ ऑल इंडिया अमेरिकन फुटबॉल में चयन

**चौमूं (हमारा वतन)।** अमित सैनी पुत्र रमेश सैनी निवासी दो हवेली रींगस रोड हाड़ौता का राजस्थान यूनिवर्सिटी की ऑल इंडिया अमेरिकन फुटबॉल में चयन हुआ है। टीम 21 से 24 मई के बीच सिरोही के माधव विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस मौके पर चौमूं के पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राजस्थान रामलाल शर्मा ने माला और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और अमित का हौसला बढ़ाया। पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसे ही चौमूं के युवा चौमूं और अपने परिवार का नाम रोशन करें। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विजय, विकाश, रवि, नवीन, सौरभ आदि मौजूद रहे।

# जेसीएस के यादों की बारात कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन



**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर शहर की सोशल,आर्ट और कल्चरल एक्टिविटीज को समर्पित जयपुर कल्चरल सोसायटी के यादों की बारात संगीत संध्या के पोस्टर का विमोचन जयपुर स्थित होटल मिस्टिक फाल्स में गणमान्य लोगों के बीच में किया गया। जेसीएस अध्यक्ष कंचन आनंद ने बताया कि जयपुर कल्चरल सोसायटी द्वारा फाउंडर डॉ. आनंद के गंगवार की याद में आगामी 4 अगस्त 2024 को शाम 6 से विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में यादों की बारात एक शाम किशोर दा के नाम संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएस मेहता और समिति सचिव मुकेश पारीक ने बताया कि यह कार्यक्रम लाइव बैंड पर होगा और जयपुर शहर के ही नहीं अपितु राजस्थान प्रदेश के उभरते हुए गायक कलाकार अपने युगल गानों की प्रस्तुतियाँ देंगे। जेसीएस हमेशा नए-नए कलाकारों को मौका देती है। सभी संगीत प्रेमियों से निवेदन है की 4 अगस्त को कार्यक्रम में जरूर पधारे और संगीत का लुत्फ़ उठाएं। पोस्टर विमोचन के दौरान सिंगर कैलाश सोलंकी, दामोदर तोषनीवाल, पंकज परनामी, विक्रम सिंह तोमर किंग्सवे फाउंडर डायरेक्टर, फोटोग्राफर राजदीप सैनी, होटल मिस्टिक फॉल्स के मैनेजर राकेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विष्णु कुमार स्वर्णकार राज्य स्तरीय अवार्ड से हुए सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** नर्सिंग के विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दी ट्रेन्ड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा द्वारा स्टेट लेवल अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किये गए।

कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में किया गया। राजस्थान टीएनएआई के अध्यक्ष डॉ. जोगेन्द्र शर्मा व टीएनएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रॉय के जॉर्ज द्वारा राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ नर्सेज व शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जयपुर जिले के चौमूं निवासी विष्णु कुमार स्वर्णकार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिये ट्रेन्ड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

# भारतीय डाक विभाग में डिजिटल प्रिंटर मशीन के माध्यम से काम हुआ शुरू

**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय डाक विभाग की और से चौमूं उपखंड, सामोद उपखंड, रेनवाल उपखंड एवं गोविन्दगढ़ उपखंड के अधीन आने वाले डाकघरों में रजिस्टर्ड पोस्ट, स्पीड पोस्ट का कार्य डिजिटल प्रिंटर मशीन के माध्यम से करने का कार्य आरम्भ किया गया है। जिसके समस्त ग्राम पंचायत के निवासी अपनी डाक को देश-विदेश में भेजने के लिए उनके शाखा डाकघर में डाक बुक करवा सकते है। डाक विभाग यह भी सुविधा प्रदान कर रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित डाकघर का कर्मचारी गाँव के प्रत्येक घर पर जाकर डाक बुकिंग कर सकता है। समस्त ग्रामवासियों को डाक बुकिंग की सुविधा को लाभान्वित करने के लिए डाक विभाग द्वारा अनुठी पहल शुरू की गयी है।



निरीक्षक डाकघर चौमूं सुनील मीना ने बताया है कि ग्रामवासियों को बुकिंग की सुविधा को और त्वरित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। अतः उपखंड के ग्रामवासी अपने शाखा डाकघर में सुविधा का लाभ उठाने के लिए संपर्क कर सकते है।

# मोगरे के फूलों से किया साई बाबा का विशेष श्रृंगार

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में साई बाबा का मोगरे के फूलों से गुरुवार को विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि हर गुरुवार को कुछ ना कुछ स्पेशल किया जाता है। आज साई बाबा की मोगरे के फूलों से मनमोहक झांकी सजाई गई। मान्यता है कि सच्चे मन से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना यहां पूर्ण होती है।



## जॉब्स-

1. इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पद आईटी एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 54, अंतिम तिथि 24 मई 2024
2. आईआईटी जोधपुर, पद टेक्निकल पोस्ट, एडमिनिस्ट्रेटिव पद संख्या 122, अंतिम तिथि 15 जून 2024
3. यूपीएसएसएससी, पद एग्रीकल्चर टेक्निकल असिस्टेंट, पद संख्या 3446, अंतिम तिथि 31 मई 2024
4. यूपीएसएसएससी, पद जूनियर इंजीनियर सिविल, पद संख्या 4016, अंतिम तिथि 7 जून 2024
5. यूपीएससी, पद सीडीएस II, पद संख्या 459, अंतिम तिथि 4 जून 2024
6. यूपीएससी, पद एनडीएस II, पद संख्या 404, अंतिम तिथि 4 जून 2024
7. भारतीय नौसेना, पद अग्निवीर SSR, MR, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 27 मई 2024
8. डीआरडीओ, पद आईटीआई अप्रेंटिस, पद संख्या 127, अंतिम तिथि 31 मई 2024




# कश्मीरा शाह ने जैकी श्रॉफ के पर्सनैलिटी राइट्स मांगने पर किया रिएक्ट, कृष्णा अभिषेक की फोटो पोस्ट कर लिखा

कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा शाह ने सोशल मीडिया पर जैकी श्रॉफ और कृष्णा की तस्वीर पोस्ट कर फैंस के लिए मैसेज लिखा है।जैकी श्रॉफ के पर्सनैलिटी राइट्स मांगने पर कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा शाह ने रिएक्ट किया है। दरअसल, बीते दिन जैकी श्रॉफ ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और अपने नाम, फोटो, आवाज और फेमस डायलॉग 'भिडू' के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की थी। जैसे ही बॉलीवुड अभिनेता के दिल्ली उच्च न्यायालय जाने की खबर सामने आई, प्रशंसकों ने सवाल करना शुरू कर दिया कि क्या जैकी ने ये कदम कृष्णा अभिषेक की वजह से उठाया? क्या अब कृष्णा, जैकी की एक्टिंग नहीं कर पाएंगे? ऐसे में कश्मीरा ने फैंस के लिए एक नोट लिखा है।



**क्या बोलीं कश्मीरा**-कश्मीरा शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फैंस के सवालों का जवाब दिया है। कश्मीरा ने इंस्टाग्राम पर जैकी श्रॉफ और कृष्णा अभिषेक की एक तस्वीर साझा की और लिखा, ये मैसेज उन सभी निराश प्रशंसकों के लिए जो हमें मैसेज भेज रहे हैं, मैं बस आप सभी को यह बताना चाहती हूं कि कृपया समझें कि नकल चापलूसी का उच्चतम रूप है। कृष्णा, जग्गू दादा को बहुत पसंद करते हैं।

**बख्तियार ईरानी ने किया रिएक्ट**-कृष्णा के कई प्रशंसकों और कश्मीरा के दोस्तों जैसे रोहित वर्मा, बख्तियार ईरानी ने पोस्ट पर रिएक्ट किया है। कुछ ने कहा कि वे कृष्णा अभिषेक को जग्गू दादा के रूप में देखना बहुत पसंद करते हैं। वहीं बख्तियार ने कहा कि कृष्णा ने ही जग्गू दादा को एक नया आयाम दिया है। बख्तियार ने लिखा, उन्होंने इसे शुरू किया और इसे बड़ा बना दिया...ईमानदारी से कहें तो कृष्णा ने जग्गू दादा और जीतू जी को एक नया आयाम दिया...।

# प्रेग्नेंसी में क्राइम से जुड़ी चीजें देख रही हैं ऋचा चड्ढा, कहा- बिल्कुल नहीं हूं नर्वस

ऋचा चड्ढा इन दिनों अपना प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही हैं और जल्द ही वह मां बन जाएंगी। एक्ट्रेस ने अब प्रेग्नेंसी एक्सपीरियंस पर बात की है।ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द पैरेंट्स बनने वाले हैं। दोनों का पहला बेबी होने वाला है। एक्ट्रेस का तीसरा ट्राइमेस्टर चल रहा है और जुलाई में दोनों पैरेंट्स बन जाएंगे। अब ऋचा ने हाल ही में अपने प्रेग्नेंसी फेस के बारे में बात की और यह भी बताया कि कैसे अब तक दोनों ने बेबी के नाम भी नहीं सोचे हैं जैसे कि आम तौर पर कपल्स बेबी के आने से पहले ही कर लेते हैं। इतना ही नहीं ऋचा ने यह तक कहा कि वह इस दौरान क्राइम शोज भी देख रही हैं।



**मदरहुड का प्रेशर नहीं**-मीडिया से बात करते हुए ऋचा ने कहा कि वह मदरहुड का प्रेशर नहीं ले रही हैं। हालांकि जब उन्हें प्रेग्नेंसी का पता चला था तब ही वह प्लानिंग मोड में चली गई थीं। वह सोच रही थीं कि कैसे उन्हें फिल्मों में काम पूरा करना है।

**बच्चे का नाम नहीं सोचा**-ऋचा ने आगे कहा, हमने अभी तक नाम भी फाइनल नहीं किया है क्योंकि हमारे पास टाइम ही नहीं था। मैं हीरामंडी में बीजी थी और उसके बाद कुछ प्रोडक्शन काम में। वहीं अली लगातार शूटिंग कर रहे हैं। हम जल्द ही अपने लिए टाइम निकालेंगे।

**क्राइम शोज या फिल्में देख रहीं**-ऋचा ने यह भी कहा कि वह प्रेग्नेंसी को लेकर अब काफी चिल हैं। उन्होंने कहा, मैं बिल्कुल भी नर्वस नहीं हूं। हर दिन काम कर रही हूं। आगे भी मैं ऐसे ही चिल करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि प्रेग्नेंसी को इतना बड़ा बना दिया जाता है, स्पेशयली आज के समय में। महिलाओं को बोला जाता है ऐसा करो, वैसा करो, ये देखो। मैं तो क्राइम सीरीज और शोज एंजॉय कर रही हूं।






# बिस्तर पर शरीर को टोन अप करने के लिए आजमाएं ये एक्सरसाइज

क्या आप अपना बिस्तर नहीं छोड़ना चाहतीं? तो बिस्तर पर ही आराम से इन एक्सरसाइज को करके अपने शरीर को टोनअप कर सकती हैं।क्या आप भी उन्ही लोगों में से हैं, जिन्हें सुबह-सुबह बिस्तर छोड़ने का मन नहीं करता हम जानते हैं कि आपको अपना बितर कितना प्यारा है, लेकिन इससे चिपके रहना आपकी फिटनेस में बाधा डाल सकता है। क्या होगा अगर हम आपको बताएं कि हमारे पास इसके लिए एक हैक है? लेडीज, हम आपको आराम से समझौता किए बिना अपने शरीर को टोन करने के लिए कुछ खास एक्सरसाइज बताने वाले हैं।



1. **स्ट्रेचिंग**- हम में से ज्यादातर स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे मांसपेशियों में अकड़न और दर्द होता है। लेकिन, जब आप बिस्तर पर होते हैं, तब भी आप आसानी से स्ट्रेचिंग अभ्यास कर सकती हैं!आप अपनी बाहों को फैला कर उन्हें फ्लेक्स कर सकती हैं। आप ऐंठन को राहत देने के लिए अपने पैरों को इसी तरह से फ्लेक्स कर सकती हैं।आप अपने बिस्तर पर लेट कर साइड ट्विस्ट कर सकती हैं, अपने पीठ के निचले हिस्से पर काम कर सकती हैं। इन स्ट्रेच के अलावा, आप कुछ बुनियादी योग पोज़ भी आज़मा सकती हैं, जिन्हें स्ट्रेचिंग के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। जैसे चाइल्ड पोज़, कोबरा पोज़ इत्यादि।
2. **लेग रेज** - यदि आप पेट के निचले हिस्से को टोन करना चाहती हैं, तो आप निश्चित रूप से बिस्तर पर चिलिंग करते समय पैर उठाकर इसकी कोशिश कर सकती हैं। आप इसके 20 रेप्स कर सकती हैं। एक बार कर लेने के बाद, बस अंतिम वाले को 10 सेकंड के लिए होल्ड करें। हम तेज़ परिणामों के लिए 4 सेट सुझाएंगे!
3. **क्रंचेज़** -हम सभी एक फ्लैट बेली पाना चाहती हैं और क्रंचेज़ हमें इस फिटनेस लक्ष्य के करीब ले जा सकते हैं। आप अपने बैड पर आराम से क्रंच का अभ्यास कर सकती हैं। आप हाफ क्रंच साइकिल क्रंचेज़, किक्स, टो टच और कई अन्य अभ्यास कर सकती हैं। जो आपको फ्लैट बेली पाने में मदद करेंगे। परिणाम देखने के लिए आप इसके 3 सेट कर सकती हैं।
4. **प्लैंक**-प्लैंक सबसे आसान व्यायाम है। आप इसे कहीं भी कर सकती हैं! हम सुझाव देंगे कि इसे बिस्तर पर आराम से करें, क्योंकि फिसलने की संभावना होती है। तो, आप एक फोरआर्म प्लैंक, राईट हैंड प्लैंक, साइड प्लैंक और एक कमांडो प्लैंक कर सकती हैं।
5. **सीज़र लेग्स** -जब आप अपने बिस्तर पर बैठी हों और निष्क्रिय हैं, तो पैर की कसरत करें! यह उन लोगों के लिए एकदम सही व्यायाम है जो अपना पेट कम करना चाहते हैं।
6. **रिवर्स क्रंचेस**-यदि आपके बिस्तर में एक हेडबोर्ड है, तो इसका अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करें। समर्थन के लिए हेडबोर्ड का सहारा लें। अपने पैरों को ऊपर उठाएं और आपके ऊपरी शरीर के साथ 90-डिग्री के कोण पर, उन्हें ऊपर उठाएं।
7. **लेग-ऑन-द-वॉल** -लेग-ऑन-द-वॉल दो कारणों से सबसे प्रभावी अभ्यासों में से एक है - एक, यह बेहतर रक्त परिसंचरण में मदद करता है। दूसरा, यह आपके निचले शरीर की मांसपेशियों को आराम देता है। आप इसे अपने बिस्तर पर बेहद आसानी से कर सकती हैं।
8. **पुश-अप** -यदि आप पुश-अप्स करना पसंद करती हैं, तो आप अपने बिस्तर पर क्लासिक या घुटने के पुश-अप्स करने का प्रयास कर सकती हैं। यह कहने के बाद, हमारी सिफारिश होगी।

# क्या है नाखूनों के पास की त्वचा चबाने की आदत यानी एसपीडी

कुछ लोगों को नाखूनों के पास की त्वचा चबाने की आदत होती है। बार-बार ऐसा करते रहने पर कईबार खून आने लगता है, घाव हो जाते हैं व निशान पड़ जाते हैं। अगर ऐसा है तो यह महज आदत नहीं है। इसे स्किन पिकिंग डिसॉर्डर यानी एसपीडी कहते हैं, जो मनोवैज्ञानिक विकार भी हो सकता है।.

**क्या हैं लक्षण** -यह कहना मुश्किल है कि कभी-कभार तनाव या बेचैनी के क्षणों में नाखूनों के आसपास की त्वचा चबाने या नोचने लगना, कब आदत बन जाता है और फिर गंभीर समस्या। यह डिसॉर्डर बच्चों व बड़ों में किसी भी उम्र में हो सकता है। इसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ लोग तनाव के दौरान, अनजाने में नाखून के आसपास की त्वचा (क्यूटिकल्स) चबाने लगते हैं। ऐसा बार-बार करने पर उन्हें तनाव कम होने का एहसास होता है। धीरे-धीरे यह आदत बन जाती है। कई बार त्वचा के किसी संक्रमण या चोट के कारण भी व्यक्ति उस जगह को बार-बार खींचने लगता है, जिससे पहले से हुई समस्या और बढ़ जाती है। घाव भरने में समय लगता है। वहां होने वाली खुजली से त्वचा को बार-बार खींचने का मन होता है। कुछ में यह आनुवंशिक भी हो सकता है। जिनके मूड में तेजी से उतार-चढ़ाव आते हैं, उनमें भी इसके लक्षण मिलते हैं। स्किन पिकिंग डिसॉर्डर, को बॉडी फोकस्ड रिपिटिटिव बिहेवियर भी कहा जाता है। अपने व्यक्तित्व, पहचान को लेकर अति सतर्क व परफेक्शनिस्ट लोगों में भी इसके लक्षण देखने को मिल जाते हैं। नाखून या बाल खींचना या चबाना भी इसी में आता है। यह एक तरह का ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसॉर्डर है, जिसमें कोईव्यक्ति किसी खास काम को बार-बार दोहराने लगता है। यह जानते हुए भी कि ऐसा करना नुकसान पहुंचाएगा, वे खुद को रोक नहीं पाते। देर तक यही करते रहते हैं। हालांकि यह समझना जरूरी है कि कुछ में यह केवल एक आदत होती है और कुछ में यह मानसिक विकार का रूप ले लेती है।



**उपचार**-एसपीडी को थेरेपी व दवाओं से ठीक किया जाता है। कितनी ही बार छोटे-छोटे उपायों से ही सुधार आने लगता है-.हैबिट रिवर्सल ट्रेनिंग - इसके तहत थेरेपिस्ट उन हालात, तनाव व कारकों को समझने में मदद करते हैं, जिसमें व्यक्ति त्वचा को चबाने या खींचने के लिए प्रेरित होता है।

ऐसे में थेरेपिस्ट आपको तनावपूर्ण हालात में कुछ और चीजें करने की सलाह देंगे। एक आदत को दूसरी आदत से पूरा करने की कोशिश की जाती है। जैसे, रबड़ की बॉल दबाते रहना, पेन के पीछे के बटन को बार-बार दबाना व छोड़ना आदि। इससे तनाव कम होता महसूस होगा और हाथ भी व्यस्त रहते हैं। कईबार त्वचा रोग विशेषज्ञ अच्छी क्रीम या लोशन लगातार लगाते रहने की सलाह देते हैं। इससे त्वचा में नमी बनी रहती है।

नाखूनों का ध्यान रखना -उंगलियों की सुंदरता का ध्यान रखें। हाथों की मालिश करें। मेनिक्योर करवाएं।

**ग्लव्स पहनना**-इसे ट्मम्प्यूलस कंट्रोल कहते हैं। इसमें थेरेपिस्ट कुछ समय तक आपको हाथों में दस्ताने, बड़े-बड़े नकली नाखून पहनने या बैंड पहनने की सलाह दे सकते हैं। नाखून बढ़ाना भी सहायक होता है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# असंगठित क्षेत्र में आधी आबादी की बड़ी हिस्सेदारी

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागड़ोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दो राय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर है। बहुत बड़े वर्ग की रोजी रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। हांलाकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रुप दिया जाता रहा है। खैर बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबलें महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करे तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। दरअसल बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही थी और कर रही है। भले ही व्हाईट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में है तो आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक है। दरअसल देखा जाएं तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल स्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ साफ यह हुआ कि खेती किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है।गली कुचें में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली मोहल्ले में घूमने वाले वेण्डर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल है।असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रुप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है।


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-


जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक की

# पेयजल से संबंधित सभी परियोजनाओं में आचार संहिता के चलते देरी नहीं हों : पंत

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शासन सचिवालय में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अंतर्विभागीय प्रकरण, ईसरदा दौसा जल आपूर्ति प्रोजेक्ट तथा जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि विभाग की पेयजल से संबंधित जितनी भी परियोजनाएं तैयार है उन्हें बिना किसी विलंब के जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने ये भी बताया कि आमजन के लिए पेयजल एक अति-संवेदनशील मामला है अतः पेयजल से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को लागू करने में आचार संहिता हटने का इंतजार ना करें। चुनाव आयोग से अनुमति लेकर आचार संहिता के दौरान भी आवश्यक राजकीय कार्य जारी रखें। पंत ने निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित सभी प्रोजेक्ट की उचित तरीके से मॉनिटरिंग हो साथ ही प्रत्येक स्तर पर कार्य पूर्ण करने की तय समय सीमा निर्धारित हो। BSR 2024 और पाइप पॉलिसी दोनों को 31 मई तक पूर्ण करें। साथ ही पंत ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि JJM एवम AMRUT 2.0 योजना को समय से पूर्ण किया जाए।

**औसत निस्तारण समय में कमी आये:** प्रदेश में सुशासन और पारदर्शिता के लिए ई-फाइलिंग सिस्टम को अधिक से अधिक अमल में लाया जाए और सभी राजकीय अधिकारियों में इस बारे में जागरूक हों साथ ही मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजकीय कार्य ई-फाईल के माध्यम से हो साथ ही औसत निस्तारण समय अधिक होने पर विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा उचित कार्यवाही की जाए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार और जन स्वास्थ्य और आभियांत्रिकी एवम भूजल विभाग के सचिव डॉ समित शर्मा समेत जल जीवन मिशन के निदेशक बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव,समस्त मुख्य अभियंता एवं अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी गण उपास्थित रहे।

## व्यापार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करेगा भारतः जयशंकर

नई दिल्ली(एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का संदर्भ देते हुए कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को दाव पर किसी देश के साथ व्यापार को प्राथमिकता नहीं देगा। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने चीन के साथ व्यापार से इनकार नहीं किया है, लेकिन हमें सावधानी बरतने की जरूरत है। मंत्री ने कहा, कुछ देशों के साथ संबंधों को जारी रखने के लिए हमें हमें अपनी राष्टीय सुरक्षा को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने चीन के संदर्भ में कहा कि हम अपने लोगों को आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हालांकि हमने लोगों को चीन के साथ काम करने से रोका नहीं है, लेकिन यदि कोई भारतीय विकल्प उपलब्ध है, तो आपको उसे प्राथमिकता देनी चाहिए। यह राष्टीय सुरक्षा के साथ-साथ अपने व्यवसाय के लिए भी अच्छा है। मंत्री ने यह भी कहा, यदि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होती है, और कोई आपके क्षेत्र में घुस आया है, तो क्या आप उसके साथ व्यापार करेंगे?

## राजस्थान की पूर्व डिप्टी सीएम कमला बेनीवाल का निधन


**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान की पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस की दिग्गज नेताओं में से एक कमला बेनीवाल का 97 साल की उम्र में निधन हो गया। राजधानी जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली । कमला राजस्थान की पहली महिला मंत्री भी थीं। उनके निधन पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत समेत कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। उनका जन्म 12 जनवरी 1927 राजस्थान के झुंझुनू जिले के गोरिर गांव के जाट परिवार में हुआ था। वह कांग्रेस की वरिष्ठ राजनेता थीं।



(कविता)

## चल मोहब्बत लिखते हैं

एहसास के पन्ने पर चल
मोहब्बत लिखते हैं
और बनाते हैं कुछ नोट
कागज़ के खरीद फरोख्त
के इस मौसमी दौर में
मैं तुझे खरीदता हूँ तूँ मुझे खरीद
दुनिया के फेर में न पड़कर फेरते हैं
कुछ सिक्के भरोसे के
कुछ तूँ रख ले और कुछ मैं...
आ तय कर ले मैं से
हम तक का सफर
जहाँ मैं के लिए कोई जगह न हो
फिर बोते हैं हसीन रिश्तों को
भरोसे की जमीन पर......
और उगाते हैं भरोसे के पौधे
जो आगे चलकर शतायु हो जाएँ
अटूट धागों से बाँध
लेते हैं एक दूजे को
जो बनें हों चाह के रेशे से
दुनिया की कहनवाजी के एवज में
चल बहरे हो जाते हैं दोनों
और कर लेगें क्षणिक बातें इशारों में
कौन कहीं दोनों हकीकत में बहरे हैं
सबकी आवाजें ज़ब
कर्कश हो जाएँ तो
खुद के अधरों को मौन
कर लेना वाजिब है
हमें तो आता ही है
आँखों से बाते कर लेना


सिद्धार्थ गोरखपुरी




हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा